कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मकान नं0-1 व 2, निकट महिला आई0टी0आई0 कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 1960 / M-20 /220 दिनांक 22/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 19.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल निगम की लापरवाही से जल जीवन मिशन पर सवाल'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 19.08.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल निगम की लापरवाही से जल जीवन मिशन पर सवाल'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
| --- | --- |
| रायबरेली के हरचंदपुर में जल जीवन मिशन के दावों के विपरीत जल निगम की लापरवाही सामने आई है। रहवा रोड पर मुख्य पाइपलाइन पिछले लगभग एक महीने से लीक है, जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर साफ पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। यह स्थिति सरकार की महत्वाकांक्षी ''जल जीवन मिशन'' योजना पर सवाल खड़े करती है, जिसका उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना है।<br>स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में इस गंभीर जल बर्बादी और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर भारी रोष है। इस समस्या के संबंध में जल निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) सचिन कुमार से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि फटी हुई पाइपलाइन का संज्ञान ले लिया गया है और जल्द ही इसकी मरम्मत कराकर पानी की बर्बादी को पूरी तरह से रोका जाएगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत ग्राम हरचंदपुर में हरचंदपुर पुर्नगठन पेयजल योजना से ग्राम में जलापूर्ति की जाती है। उक्त प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए पेयजल पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत हेतु सम्बन्धित फर्म द्वारा पेयजल पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत का कार्य दिनांक 21.08.2026 को पूर्ण करा दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा लिखित बयान सादर संलग्न कर प्रषित है।<br> |

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

सेवा में,

श्रीमान अवर/सहायक अभियन्ता
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
जनपद- श्रावस्ती

महोदय,

निवेदन के साथ अवगत कराना है कि हम समस्त जल संयोजन उपभोक्ता, ग्राम-रघुबीरगंज मजरे कठौतिया-हसनपुर के मूल निवासी हैं। हम लोगों के यहाँ पिछले काफी दिनों से पाइपलाइन टूटा होने के कारण उत्पन्न पेयजल समस्या के निराकरण का कार्य पाइपलाइन डालकर व उसकी सफाई का कार्य किया गया है। आज दिनांक 22/08/2026 को ग्राम में जलपूर्ति मिलने लगी है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

दिनांक 22/08/2026

ग्रामीण गण
निवासी ग्राम- रघुबीरगंज

1. गुंजा
2. अभिषेक
3. Musin
4. अब्दुल वाहीद
5. [signature]